an>

Title: Regarding Ajani (Nagpur) Mumbai Kurla express train.

श्रीमती भावना पुंडलिकराव गवली (यवतमाल-वाशिम) : अध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया। मैं रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ कि मेरे क्षेत्र से मुम्बई जाने वाली जो गाड़ी है जो अजनी, नागपुर और कुर्ला होकर जाती हैं, उसे सात दिन चलाने की मेरी मांग है। उस गाड़ी को अंतरिक्ष पार्श्वनाथ या अंतरिक्ष एक्सप्रैस का नाम देने की भी मेरी मांग है।

मेरे क्षेत्र से वाशिम और मेरे क्षेत्र से लगा हुआ जो क्षेत्र हिंगोली है, ये दोनों नए डिस्ट्रिक्ट बने हैं। वहाँ की जनता को अगर मुंबई जाना हो तो हिंगोली वाले लोगों को नांदेड़ जाना पड़ता है और वाशिम वाले लोगों को अकोला जाना पड़ता है। इस कारण उनका समय और पैसा दोनों बरबाद होता है। यह जो गाड़ी चलती है, यह एक दिन चलती है। यह गाड़ी अजनी स्टेशन में करीब 74 घंटे रुकती है। क्योंकि एक दिन चलती है तो उस गाड़ी का जो मैनेजमैंट करना चाहिए वह नहीं हो रहा है। वह डेली भी चल सकती है और रेलवे डिपार्टमैंट को उसका मैनेजमैंट करना चाहिए। मेरी मांग है कि यह गाड़ी सात दिन चलाई जाए और वहाँ के जो लोग हैं, उन्हें मुंबई जाने के लिए वह सुविधा उपलब्ध की जाए।